प्रयोगात्मक परीक्षा कराने के बाद देना होगा प्रमाण

संवाद न्यूज एजेंसी

देहरादून। अब तकनीकी संस्थानों को अपने यहां प्रयोगात्मक परीक्षा कराने के बाद इसका प्रमाण भी देना होगा। इसके लिए संस्थानों को प्रयोगात्मक परीक्षाओं की पांच मिनट का वीडियो बनाकर विश्वविद्यालय को भेजना पड़ेगा।

सूत्रों के अनुसार यूटीयू प्रशासन को इस तरह की शिकायतें मिल रही थीं कि कुछ संस्थान प्रयोगात्मक परीक्षाएं संपन्न कराए बिना ही अंक तालिका तैयार कर रहे हैं। विवि की ओर से नियुक्ति परीक्षकों को घर बैठे ही यात्रा खर्च आदि का भुगतान कर दिया जाता है। इस तरह की शिकायतों की पुष्टि और कार्रवाई के लिए विवि के पास कोई आधार नहीं होता है। इसी को देखते हुए विवि ने हाल ही में इसे लेकर एक आदेश जारी किया है। बता दें कि विवि से संबद्ध सभी तकनीकी संस्थानों में 7 जून को सेमेस्टर परीक्षाएं संपन्न हो जाएंगी। इसके बाद 15 जून तक इन सभी संस्थानों में प्रयोगात्मक परीक्षाएं संपन्न होनी है।

सभी तकनीकी संस्थानों में 7 जून को सेमेस्टर परीक्षाएं होंगी

परीक्षा नियंत्रक डॉ. वीके पटेल ने 3 जून को जारी आदेश में कहा है कि लिखित एवं वाइवा का पांच मिनट का शॉर्ट वीडियो तैयार किया जाए। यूनिवर्सिटी मैनेजमेंट सिस्टम (यूएमएस) पर अपलोड किए गए परीक्षकों के हस्ताक्षरों सहित अंकों की तालिका की छायाप्रति को सुरक्षित रखें। इसके बाद इसकी मूल प्रति को वीडियो के साथ विश्वविद्यालय के परीक्षा विभाग में जमा कराया जाए।